**आकाशवाणी शिमला**
**06.06.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**प्रधानमंत्री –चिनाब**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कटरा रेलवे स्टेशन से कटरा और श्रीनगर को जोडने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रेन पर स्कूल के विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने ट्रेन के रेलवे कर्मचारियों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने आज जम्मू–कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान चिनाब और अंजी पुल का उद्‌घाटन भी किया। चिनाब पुल विश्‍व का सबसे ऊंचा आर्क पुल है। वहीं अंजी पुल भारत का पहला केबल आधारित रेल पुल है।

ये परियोजना पूरी तरह से विधुतीकृत खंड है। इसमें 36 सुंरग और 943 पुल शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कटरा में 46 हजार करोड रूपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उदघाटन भी किए।

**उपराष्ट्रपति दौरा**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आज शिमला पहुंचे। शिमला पहुंचने पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक नीरज नैयर, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और प्रदेश सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। शिमला प्रवास पर उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ भी उनके साथ आई हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड कल सोलन जिला के नौणी स्थित बागवानी व वानिकी विश्‍वविद्यालय में शोधार्थियों और प्राध्यापकों के साथ संवाद करेंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**नीट परीक्षा**

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट–पीजी 2025 की परीक्षा तीन अगस्त को एक शिफ्‌ट में आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले यह परीक्षा 15 जून को निर्धारित थी, लेकिन बोर्ड ने परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक समय की मांग की थी। बोर्ड ने तीन जून को समय बढ़ाने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था, जिसमें कहा गया कि उसे परीक्षा केंद्रों की संख्या दोगुनी और सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शुरुआत में बोर्ड द्वारा मांगे गए समय पर सवाल उठाया था, लेकिन बाद में पीठ ने कहा कि बोर्ड द्वारा बताए गए कारण उचित प्रतीत होते हैं। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीट–पीजी 2025 की परीक्षा आयोजित करने के लिए बोर्ड को इसके बाद और समय नहीं दिया जाएगा।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल**

कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल ने कल रात वांशिंगटन में अमरीका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस से मुलाकात की। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष से लेकर तकनीकी सहयोग बढाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। इधर भारतीय जनता पार्टी सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रसेल्स में बेल्जियम चैंबर्स रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य पीटर डी.रोवर से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में रवि शंकर प्रसाद ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करने के लिए रोवर का आभार व्यक्त किया।

*अच्छी मुलाकातें हुई और पूरी व्यवस्था के लिए मैं एंबेंसडर कुमार और उनकी पूरी टीम का अभिनंदन करता हूं। पूरे ब्रसेल्स में यूरोपियन पारलेमेंट में बेल्जियम के पदाधिकारियों, विदेश विभाग, यूरोपियन पारलेमेंट सबसे मिलने के बाद एक निष्कर्ष लगा कि आतंकवाद की चिंता से वो भी परेशान हैं।*

**कृषि अभियान**

केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी देने व उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। चंबा जिला में स्थित कृषि विज्ञानं केंद्र सरु के वैज्ञानिक डॉ केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि अभियान के तहत रोजाना करीब 9 सौ किसानों से सीधा संवाद कर उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

*जो 15 दिवसीय अभियान है पूरे भारतवर्ष में 29 मई 2025 से शुरू हुआ है और ये अभियान 12 जून 2025 तक चलने वाला है। इस अभियान के अंतर्गत हमें जो लक्ष्य रखा गया है वो इन 15 दिनों के दौरान हर रोज एक टीम को तीन सौ किसानों से सीधा संवाद करना है। लगभग 13 हजार 500 जो किसान हैं हमारे चंबा जिला के अंदर उनके साथ हमारी सीधी जो पहुंच है वहां तक उनके साथ होनी चाहिए और वहां पे जो केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं हैं और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्य योजनाएं हैं कृषि से संबंधित उनकी जानकारी किसानों को देनी है और उनकी समस्याओं का समाधान उनके खेतों में जाकर देना*